हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 जनवरी 2026

04 राहुल 11 गुना विजेता, आरोन 11 उपविजेता



07 प्लॉट विवाद में घसीट-घसीटकर वृद्ध की मारपीट कर उतारा मौत...





## नजूल कॉलोनी में पार्क से अंदर एवं बाहर का अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना ।नगर पालिका परिषद गुना एवं जिला प्रशासन की टीम द्वारा नजूल कॉलोनी स्थित पार्क के अंदर एवं बाहर का अतिक्रमण हटा दिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूषा खत्री ने बताया कि नजूल कॉलोनी में शहर तहसीलदार जी एस बैरवा, पुलिस की टीम के साथ नजूल कॉलोनी स्थित पार्क का अतिक्रमण हटाने के कार्रवाही की गई।

इस दौरान पार्क के अंदर बना कमरा ध्वस्त कर दिया है, साथ ही पार्क के बाहर वाउण्ड्री से लगे अतिक्रमण को भी हटा दिया गया है, जिससे नागरिकों को पार्क तक आने-जाने में सुविधा होगी, एवं पार्क का विकास हो सकेगा। सीएमओ खत्री ने बताया कि पार्क में अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी, जिसकी बिगत दिनों जांच कराई गई थी, तथा संबंधितों को समझाइए दी गई थी, कि वह स्वयं अतिक्रमण हटा लें अन्यथा नपा प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा हटा दिया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि सार्वजनिक पार्कों, सड़कों,गलियों आदि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें जिससे उनका सार्वजनिक उपयोग भली भांति हो सके, अन्यथा की दशा में प्रशासन द्वारा उन्हें तोड़ दिया जाएगा तथा हर्जा खर्चा भी वसूल किया जाएगा। अतिक्रमण कारवाही के दौरान नगर पालिका की ओर से उपयंत्री सुनील कुमार जैन , नितिन चंदेल, शकील खान ,अमित आर्य एवं अतिक्रमण दस्ता उपस्थित रहे।



### बादलों की आवाजाही के बीच न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री दर्ज

## गुना में मौसम के बदले तेवर: घने कोहरे की चादर में लिपटा शहर





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नए साल के दूसरे दिन शुक्रवार को गुना जिले में मौसम के विविध रंग देखने को मिले। जिले में कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे और बादलों की लुका-छिपी ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार सुबह जिले का न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के करीब बना हुआ है, लेकिन दृश्यता कम होने के कारण ठिठुरन अधिक महसूस की गई। वही दिन मे अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया।

### कोहरे के कारण थमी रफ्तार

, हेडलाइट के सहारे वाहनशुक्रवार सुबह जब गुना वासियों की नींद खुली, तो पूरा शहर सफेद कोहरे की चादर में लिपटा हुआ था। कोहरा इतना घना था कि हाईवे और शहर की मुख्य सड़कों पर दृश्यता (विजिबिलिटी) काफी कम रह गई। सुबह 8 बजे तक वाहन चालकों को लाइट जलाकर रेंगते हुए आगे बढ़ना पड़ा। विशेष रूप से नेशनल हाईवे-46 (गुना-ब्यावरा खंड) पर कोहरे का असर सबसे ज्यादा देखा गया, जिससे लंबी दूरी की बसों और ट्रकों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया।

### बादलों का डेरा और ठंडी हवाएं

कोहरे के छंटने के बाद भी लोगों को गुनगुनी धूप का आनंद नहीं मिल सका। आसमान में बादलों ने अपना डेरा डाल रखा है, जिसके कारण धूप की तपिश कमजोर रही। सुबह की आर्द्रता 86 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे हवा में नमी का स्तर काफी ऊंचा रहा।

बादलों और नमी के मेल ने हवाओं में सिहरन पैदा कर दी है। हालांकि, पिछले 24 घंटों (सुबह 08:30 से 08:30 बजे तक) में वर्षा की स्थिति शून्य रही, लेकिन बादलों की स्थिति को देखते हुए आगामी 24 घंटों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### स्वास्थ्य और खेती पर असर

मौसम के इस बदलते मिजाज का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कोहरे और नमी के कारण जिला अस्पताल में सर्दी-खांसी और अस्थमा के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। डॉक्टरों ने बुजुर्गों और बच्चों को सुबह के समय बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। वहीं, किसानों के लिए यह मौसम मिला-जुला है। कोहरे और नमी को गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद माना जा रहा है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यदि पाला गिरता है या बादल लंबे समय तक बने रहते हैं, तो धनिया और चने की फसल में कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है।

### आगामी दिनों का पूर्वानुमान

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण आने वाले दो-तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

यदि आसमान साफ होता है, तो रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की कमी आ सकती है, जिससे रातें और अधिक ठंडी होंगी।

## राघौगढ़ पुलिस ने 2022 के प्राणघातक हमले में फरार 4 आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व में जिले में फरार अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राघौगढ़ थाना पुलिस ने वर्ष 2022 के एक गंभीर प्राणघातक मारपीट मामले में लंबे समय से फरार चल रहे शेष चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी पर एसपी द्वारा 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई 2022 को ग्राम गौमुख निवासी दिनेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही हरतुम, धर्मवीर, हरिओम, राजवीर, पर्वत सिंह, पहलवान सिंह, वीरभान, गीता बाई एवं भुरिया बाई यादव ने एक राय होकर उस पर और उसके माता-पिता (तेज सिंह व सावित्री बाई) पर लाठी, फरसा और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने शुरुआत में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था, लेकिन विवेचना और मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 307 (हत्या का प्रयास) सहित अन्य गंभीर धाराएं बढ़ाई गई थीं।प्रकरण के कुल 09 नामजद आरोपियों में से 05 को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि शेष चार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। एसपी अंकित सोनी के सख्त निर्देशों के बाद राघौगढ़ पुलिस ने अपना सूचना तंत्र सक्रिय किया। 1 जनवरी 2026 को सटीक मुखबिर सूचना पर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार चारों आरोपियों पर्वत सिंह यादव (64), पहलवान सिंह यादव (50), भुरिया बाई यादव और गीता बाई यादव (60) को उनके गांव गौमुख से गिरफ्तार कर लिया। इस सफल कार्रवाई में राघौगढ़ थाना प्रभारी एवं परिवीक्षाधीन डीएसपी आनंद कुमार राय, जंजाली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि घनश्याम जाटव, प्रधान आरक्षक शशि कपूर राजावत, प्रधान आरक्षक दामोदर धाकड़, आरक्षक सुनील धाकड़, आरक्षक हेमंत भील एवं महिला आरक्षक रेखा वैष्णव की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।




## गुना डाक संभाग की अनूठी पहल: मोबाइल वैन के साथ ग्राम सगोरिया में सजी 'डाक चौपाल'

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

डाक विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग और सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जनवरी को 'डाक चौपाल पहल' के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम सगोरिया (म्याना) में मोबाइल डाक चौपाल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ा गया।कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के मुख्य मार्गों से भव्य रैली निकालकर की गई। इस दौरान ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाने के लिए मनोरंजक खेल आयोजित किए गए और विजेताओं को डाक विभाग की टी-शर्ट वितरित की गईं। डाकघर अधीक्षक श्री ओ.पी. चतुर्वेदी और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के मैनेजर चंद्रकांत महले ने सुकन्या समृद्धि योजना, बचत खाते और बीमा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर ही शिविर लगाकर बालिकाओं के सुकन्या खाते खोले गए और बच्चों के नए आधार कार्ड बनाने सहित आधार अपडेट का कार्य भी किया गया।सगोरिया के बाद मोबाइल वैन खुटियावद ग्राम पहुंची, जहाँ इसी प्रकार चौपाल का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह रघुवंशी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर कृष्णा, कार्यकर्ता आशा धाकड़ व श्रीबाई धाकड़, उपसंभागीय निरीक्षक राहुल जैन एवं मेल ओवरसियर तुलाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आगामी दिनों में यह वैन तरावटा, खड़कपुर, इमझरा और पगारा ग्रामों में भी डाक चौपाल लगाएगी।




## स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट: लाइगर क्लब और साईं अकादमी की धमाकेदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में आयोजित 33वीं स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रघुवंशी स्मृति टेनिस बॉल 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 को पहले राउंड के दो मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया।

**पहला मैच:** लाइगर क्लब की आसान जीतदिन का पहला मुकाबला लाइगर क्लब और जय माता दी क्लब के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लाइगर क्लब ने निर्धारित 8 ओवरों में अंकित के शानदार 29 रनों की मदद से 97 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय माता दी क्रिकेट क्लब की टीम दबाव में बिखर गई और पूरी टीम महज 66 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह लाइगर क्लब ने यह मैच 30 रनों के अंतर से जीत लिया।



**दूसरा मैच:** बादल बल्के का तूफानी प्रदर्शनदूसरा मैच साईं क्रिकेट अकादमी और फैज फर्नीचर बरखेड़ी के बीच खेला गया। फैज फर्नीचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 77 रन बनाए, जिसमें फरदीन खान ने 16 गेंदों पर 38 रनों का योगदान दिया। 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साईं क्रिकेट अकादमी ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया और मात्र 7.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। साईं अकादमी के बादल बल्के ने 25 गेंदों में 60 रनों की धुआंधार पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।आयोजक राम कुमार रघुवंशी ने बताया कि टूर्नामेंट को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में अंपायर गौरव डागोरिया व संजीव धारू, स्कोरर लक्की छारी व चेतन व्यास और कमेंटेटर नीलेश रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### पुतला दहन में पुलिस से झूमाझटकी में झुलसे कांग्रेसी बड़ा हादसा टला

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान को लेकर कांग्रेस ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल पीने से हुई मौतों और उसके बाद एक पत्रकार के सवाल पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विवादित शब्दावली को लेकर प्रदेश भर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को गुना के अंबेडकर चौराहे पर युवा कांग्रेस के नेतृत्व में तीखा विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकतार्ओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया और उनके इस्तीफे की मांग की।पुतला दहन के दौरान चौराहे पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाई, तैनात पुलिस बल ने जलते पुतले पर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और कार्यकतार्ओं के बीच जमकर झूमाझटकी और झड़प हुई। पुतले को पूरी तरह जलाने की कोशिश में युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता स्वयं भी झुलस गए। प्रदर्शनकारी मंत्री विजयवर्गीय के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रहे थे और उनके आचरण को लोकतंत्र के लिए शर्मनाक बता रहे थे। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंचम भील के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, रमेश सेंड़ो, ओमप्रकाश शर्मा, आलोक नायक और ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने कहा कि एक तरफ इंदौर में दूषित पानी से लोगों की जान जा रही है, वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार मंत्री संवेदनशीलता दिखाने के बजाय पत्रकारों से अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। प्रदर्शन में पार्षद तरुण सेन, दीपक यादव, रामजीवन भार्गव, धर्मेंद्र धाकड़, आसीम भटनागर, शिवलाल नायक, प्रमोद रघुवंशी और पूर्व अध्यक्ष आर्यन सेंड़ो सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। विशेष रूप से युवक कांग्रेस के बमौरी विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक बैरागी, राघौगढ़ ब्लॉक उपाध्यक्ष रवि मीणा, जिला मंत्री सहदेव बाल्मीकि, जिला महासचिव करण जाटव और म्याना ब्लॉक अध्यक्ष बॉबी गुर्जर ने भी हिस्सा लिया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक मंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं देते, यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।



### श्री गंगोत्री धाम(हिमालय ) के रावल शिव प्रकाश जी महाराज कल गुना में

गुना। श्री गंगोत्री धाम( हिमालय )के रावल परम पूज्य शिव प्रकाश जी महाराज अपनी भारत भ्रमण यात्रा के दौरान 3 जनवरी को प्रातः 11 आगरा से चलकर शाम 6 बजे गुना पहुंचेंगे समाजसेवी एवं उनके शिष्य विजय उप्पल के सोनी कॉलोनी स्थित आवास पर विश्राम करेंगे । 4 और 5 को गुना में विश्राम रहेगा गुना प्रवास के दौरान उनके दर्शन का समय प्रातः 9 से 12 एवं साय 5 से 8 रहेगा और 6 तारीख को भोपाल रवाना होंगे।

## समाचार संक्षेप

### गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक शोध : चुनौतियाँ, संभावनाएँ और समाधान" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



राघोगढ़। हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ में "गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक शोध : चुनौतियाँ, संभावनाएँ और समाधान" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों को शैक्षिक अनुसंधान की गुणवत्ता, शोध प्रक्रिया की चुनौतियों तथा उनके व्यावहारिक समाधानों से अवगत कराना था। कार्यशाला में अजमान यूनिवर्सिटी, यू.ए.ई. के प्रोफेसर डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह सिसोदिया ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने शोध समस्या चयन, अनुसंधान अभिकल्प, डेटा संग्रह व विश्लेषण तथा निष्कर्ष लेखन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके विचारों को प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया ने की। इस अवसर पर डॉ. ज्योति सिंह, पूजा मिश्रा, डॉ. पूजा भाटी, डॉ. फौज़िया बानो, नरेश चंदेल, अशोक सक्सेना सहित अनेक प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने इस प्रकार के अकादमिक आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित कराने की आवश्यकता पर बल दिया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य वक्ता एवं सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नव वर्ष के उपलक्ष पर निरंकारी भवन में हुआ विशेष सत्संग

गुना। नव वर्ष के उपलक्ष पर गुना के दल्वी नगर स्थित निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग को संबोधित करते हुए फरीदाबाद से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा सुरेश सुरेश जी ने गुरु गद्दी से विचार करते हुए कहा कि निरंकारी सत्संग में ईश्वरीय कृपा प्राप्त व्यक्ति ही शामिल हो पाते हैं। सत्य-संगत से नाता जुड़ना बहुत भाग्य की बात होती है।जिस प्रकार से अगर हम अपने घर की सफाई निरंतर करते रहते हैं, तब वह साफ सुथरा रहता है। लेकिन जब हम अपने घर से बाहर जाते हैं तो घर को अच्छे से साफ करके घर को बंद करके जाते हैं, पर कुछ दिन बाद आते हैं तो इतनी धूल-गंदगी जम जाती है कि तुरंत घर की सफाई करना पड़ती है। ठीक उसी प्रकार से अगर हम निरंतर सत्संग में आते रहते हैं तो हमारा मन पवित्र रहता है, लेकिन अगर कुछ दिन सत्संग में आना छोड़ दें और फिर जब आते हैं तो हमारे मन में भी माया रूपी गंदगी जम जाती है।इसलिए जीवन में संतों का संग यानी सत्संग करना बहुत जरूरी है। नववर्ष के शुभ अवसर पर गुरुवार को संत निरंकारी मिशन की विशेष सत्संग हुईं। निरंकारी मिशन के प्रमुख संतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महाराज के जयघोष के साथ सत्संग की शुरुआत की गई। भक्तों ने निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी के द्वारा दिए गए ब्रह्म-ज्ञान का यशोगान किया।

### अवंतिका बस्ती में होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिये आज मातृशक्ति की बैठक आयोजित

गुना। अवंतिका बस्ती में होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिये आज मातृशक्ति की बैठक बस्ती में संपन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया की 4 जनवरी अवंतिका बस्ती में को होने वाले हिंदू सम्मेलन से पूर्व सुवह 11:00 बजे बस्ती के सभी मंदिरों से चुनरी यात्रा बड़ी धूमधाम एवं बैंड बाजों के साथ संपूर्ण बस्ती के सकल हिंदू समाज के साथ निकाली जाएगी मातृशक्ति में यह भी संकल्प लिया की बस्ती के प्रत्येक हिंदू परिवार को हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित किया जाएगा 4 जनवरी को बस्ती में किसी के भी घर भोजन नहीं बनेगा संपूर्ण हिंदू समाज कस्तूरी गार्डन में एकत्रित होता और हिंदू सम्मेलन में होने वाले समरसता भोज में ही भोजन करेगा।

### नशामुक्ति की पहल, 'मन संस्थान' में 19 मरीजों की हुई निःशुल्क भर्ती

गुना। नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं को नई जिंदगी देने के उद्देश्य से शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (भारत सरकार) के अंतर्गत स्वीकृत जिला नशामुक्ति केंद्र द्वारा ग्रीनपार्क कॉलोनी स्थित मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति नर्सिंग होम में निःशुल्क भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. अनिल विजयवर्गीय ने कैंप में आए सभी मरीजों की विस्तृत जांच और स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान परामर्श हेतु कुल 27 मरीज पहुंचे थे। लेकिन मरीजों की गंभीर स्थिति और परिजनों की आर्थिक परेशानियों को देखते हुए डॉ. विजयवर्गीय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए 4 अतिरिक्त मरीजों को भी भर्ती किया। इस प्रकार संस्थान में पहली बार कुल 19 मरीजों की निःशुल्क भर्ती की गई।कैंप में मरीजों को मनोवैज्ञानिक सहायता देने के लिए 'मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज' के असिस्टेंट प्रोफेसर शिवानी किरार, नसीम अहमद और समृद्धि ओली के साथ ही एम.फिल. क्लिनिकल साइकोलॉजी के प्रशिक्षुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पुनीत कार्य के दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, शुभिका विजयवर्गीय, पंकज कुशवाह, हितेश कुशवाह, परमानंद किरार, राहुल कुशवाह, प्रमोद केवट, अजयपाल अहिरवार, लखन लोधा, विवेक और हिमांशु वाल्मीकि सहित संस्थान का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### दिव्यांग और वृद्ध जनों को सहायक उपकरण के लिए लगा चिन्नांकन शिविर

गुना । जिले में बमोरी तहसील की ग्राम पंचायत झागर के पंचायत भवन में भारत सरकार की एडिप एवं बायोश्री योजना के अंतर्गत में सेक्टर स्तर पर दिव्यांग और वृद्धजन को सहायक उपकरण के लिए चिनांकन शिविर शुक्रवार को लगाया गया। हिरदेश सिंह सामूहिक सुरक्षा अधिकारी बमोरी ने बताया, 3 सेक्टर ग्राम झागर, मगरोडा, रामनगर की 30 ग्राम पंचायत के दिव्यांग और वृद्धजन शामिल हुए हैं ।

## समाचार संक्षेप

### सिंधिया के जन्मदिन पर 5वीं बार नलखेड़ा से उज्जैन महाकाल तक पदयात्रा के लिए रवाना



**चाचौड़ा।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के अवसर पर चाचौड़ा निवासी पुरुषोत्तम शेट्टी (पिता स्वर्गीय कैलाश नारायण, राज्य मंत्री रहे) द्वारा लगातार पाँचवाँ वर्ष नलखेड़ा से उज्जैन महाकाल तक पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। वे हर वर्ष सिंधिया जी के जन्मदिन पर यह पदयात्रा करते हैं। पुरुषोत्तम शेट्टी ने बताया कि जब तक ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं बनते, तब तक यह वार्षिक पदयात्रा उनका संकल्प है और इसी भावना से यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।पदयात्रा को रवाना करने के अवसर पर बड़ी संख्या में साथी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से—प्रवीण मीणा (पार्षद, बीनागंज),सौरव यादव (कांग्रेस नेता, बीनागंज),भगवान सिंह (सरपंच, कोलुआ),देवेंद्र आपटे (बीनागांव),श्याम, रजनीश (नलखेड़ा),मनोज (चाचौड़ा),पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भोला सोनी,तथा अन्य कई कार्यकर्ता और मित्रगण शामिल हुए। पदयात्रा श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश देती हुई नलखेड़ा से महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन के लिए प्रस्थान कर चुकी है।

### समर्थकों के संग सेवा कार्यों के साथ जगदीश मीना ने मनाया मंत्री सिंधिया का जन्मदिन

**चाचौड़ा।** सर्व मीना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन पर गुरुवार को विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मीना समाज के कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।जन्मदिन पर किए गए प्रमुख सेवा कार्यों में सेवाभारती गांधी आश्रम में निवासरत निशक्त बालक-बालिकाओं को कंबल वितरण विशेष रहा। कड़ाके की ठंड को देखते हुए किए गए इस कार्य से बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कंबल पाकर बच्चों एवं आश्रम प्रबंधन ने जगदीश मीना का आभार व्यक्त करते हुए सिंधिया जी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं।इसके अलावा मीना ने नगर के



गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भी कंबल वितरित किए। उन्होंने बताया कि ऐसे अवसर सेवा के लिए प्रेरणा देते हैं।जगदीश मीना ने मंदिर में दर्शन कर सिंधिया जी की दीर्घायु, स्वस्थ जीवन और जनकल्याणकारी कार्यों की निरंतरता की प्रार्थना भी की।मीना ने कहा कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, और उनके मार्गदर्शन में समाजसेवा की भावना और मजबूत होती है।

### शहीदों की स्मृति में रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य फाइनल संपन्न

# राहुल 11 गुना विजेता, आरोन 11 उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



राजा बलभद्र स्टेडियम में शहीद सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, प्रधान आरक्षक नीरज भार्गव एवं आरक्षक संतराम मीणा के बलिदान की पावन स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट (द्वितीय संस्करण) का फाइनल मुकाबला रविवार रात्रि को देशभक्ति और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। रोमांचक फाइनल में राहुल 11 गुना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरोन 11 को पराजित कर खिताब अपने नाम किया, जबकि आरोन 11 उपविजेता रही।शहीदों को समर्पित इस टूर्नामेंट में जिले की लगभग 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल 11 गुना की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 81 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरोन 11 की टीम ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन 73 रन ही बना सकी। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देना ही नहीं, बल्कि शहीदों के बलिदान को स्मरण कर समाज में देशभक्ति, एकता और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना भी रहा।प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50,000 नगद विशाल रघुवंशी, सारड़ उमर पटेल एवं पटेल जीस होम के सहयोग से प्रदान किया गया, जबकि द्वितीय पुरस्कार 25,000 नगद नीरज यादव (सगाबरखेड़ा) द्वारा दिया गया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रवेश रघुवंशी (सरपंच, पनवाड़ी हाट) द्वारा तथा प्रतीक चिन्ह ममता राजू सोनी द्वारा प्रदान किए गए।टूर्नामेंट का शुभारंभ 24 जनवरी को हुआ था।मैच से पूर्व उमा पटवा के नेतृत्व में राष्ट्रीय गीत "जन गण मन" का सामूहिक गायन कराया गया, जिससे पूरा स्टेडियम देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने शहीदों की स्मृति में आयोजित द्वितीय संस्करण टूर्नामेंट की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए, क्योंकि क्रिकेट से युवा स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने शीघ्र ही अपनी टीम के साथ इस स्टेडियम में एक मैच खेलने की बात भी कही तथा गांव-गांव, शहर-शहर जनसंवाद कार्यक्रम और क्राइम पर अंकुश को लेकर विस्तृत जानकारी दी।विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल जैन ने कहा कि अनेक स्मृतियों में टूर्नामेंट आयोजित होते हैं, लेकिन शहीदों की याद में गुना जिले के आरोन में आयोजित यह द्वितीय संस्करण अपनी एक अलग और प्रेरणादायक पहचान रखता है।इस अवसर पर पंडित रामबाबू शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, गोपाल सोनी, बृजमोहन यादव, अजय दुबे, हीरा सोनी, तीरथ ठेकेदार, फारूक बेग, अंसार खान, बंटी राजपूत, सोनू ग्वाल, भूपेंद्र ओझा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजक नितेश पटवा एवं अतुल रघुवंशी ने बताया कि सभी मुकाबलों में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। मैचों की जोशीली कमेंट्री राजीव रघुवंशी, दीपक शर्मा एवं गुंजन सेन ने की, जबकि अंपायरिंग की जिम्मेदारी मोहर सिंह अहिरवार, रानू राईन, गुलशन मीणा एवं अजय सिलावट ने निभाई।शहीदों की स्मृति में आयोजित यह रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट खेल भावना के साथ-साथ त्याग, सम्मान और देशभक्ति का संदेश देकर खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए लंबे समय तक यादगार बन गया।

## समाजसेवी डॉ. गोयल ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को दी जन्मदिन की बधाई, आरोन को रेल की सौगात देने का याद दिलाया वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिवस पर आज देशभर में हर्षोल्लास का माहौल है। इस अवसर पर आरोन के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. गोयल ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी 'रेल कनेक्टिविटी' की मांग को एक बार फिर पुरजोर तरीके से उठाया है।वादे की याद और क्षेत्र की उम्मीदसमाजसेवी डॉ. गोयल ने महाराज सिंधिया को बधाई देते हुए कहा कि आरोन की जनता उन्हें केवल एक जननेता नहीं, बल्कि विकास के मसीहा के रूप में देखती है। उन्होंने सिंधिया जी को उनके उस वादे का स्मरण कराया जिसमें उन्होंने आरोन को रेल मार्ग से जोड़ने का आश्वासन दिया था। डॉ. गोयल ने कहा, ₹महाराज का जन्मदिन हम सबके लिए खुशी का दिन है, और इस खुशी के अवसर पर हम उन्हें अपना वह संकल्प याद दिला रहे हैं जो उन्होंने आरोन की माटी से किया था।₹डॉ. गोयल की मांग का व्यापक समर्थनडॉ. गोयल द्वारा उठाई गई इस मांग को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों और युवाओं में नई उम्मीद जगी है। डॉ. गोयल का मानना है कि:रेल लाइन आने से आरोन का व्यापारिक पिछड़ापन दूर होगा।स्थानीय उपज को बड़े बाजारों तक ले जाने में आसानी होगी। समाजसेवी के नाते वे क्षेत्र के मरीजों और जरूरतमंदों की दिक्कतों को करीब से देखते हैं, रेल आने से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़े शहरों तक पहुंच आसान होगी।एक संवेदनशील अपीलडॉ. गोयल ने अपने संदेश में यह विश्वास जताया कि सिंधिया जी की कार्यकुशलता और क्षेत्र के प्रति उनकी संवेदनशीलता के चलते, यह मांग केवल कागज पर नहीं रहेगी, बल्कि धरातल पर उतरेगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मंत्री जी अपने इस कार्यकाल में आरोन वासियों को रेल का 'बर्थडे गिफ्ट' जरूर देंगे।



## मीट की दुकानें हटवाने को लेकर लामबंद हुआ सकल हिंदू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

**( एसडीएम को सौंपा ज्ञापन )**

नगर में धार्मिक स्थलों के आसपास धड़ल्ले से संचालित हो रही मीट दुकानों को लेकर सकल हिंदू समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसी को लेकर सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने एकजुट होकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए धार्मिक स्थलों के समीप से मीट दुकाने हटवाने की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि गायत्री शक्तिपीठ मंदिर, काली माता मंदिर, उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, दास हनुमान मंदिर सहित गुना रोड पर इन धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास खुलेआम मीट दुकाने संचालित हो रही हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।सकल हिंदू समाज ने प्रशासन को अवगत कराया कि पूर्व में नगर परिषद एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा इन मीट दुकानों पर कार्रवाई कर सामान जब्त किया गया था तथा मीट विक्रेताओं को नगर से बाहर दुकानें संचालित करने हेतु स्थान भी आवंटित किया गया था। इसके बावजूद मीट विक्रेताओं द्वारा पुनः उन्हीं स्थानों पर आकर दुकाने लगाई जा रही हैं, जिस पर प्रशासन की चेतावनियों का कोई असर नहीं हो रहा है।ज्ञापन के माध्यम से सकल हिंदू समाज ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही धार्मिक स्थलों के आसपास से मीट दुकाने नहीं हटाई गईं तो समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## नववर्ष पर दास हनुमान मंदिर में साज-सज्जा, सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन





नगर के हृदय स्थल स्थित प्रसिद्ध दास हनुमान मंदिर में नववर्ष के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन एवं आकर्षक साज-सज्जा की गई। मंदिर को फूलमालाओं, रंग-बिरंगी लाइटों एवं आकर्षक डेकोरेशन से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।नववर्ष के उपलक्ष्य में मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान हनुमान की आराधना की। वहीं मंदिर परिसर में ही स्थित भोलेनाथ के शिवालय को भी विशेष रूप से सजाया गया, जहां भगवान शिव का मनोहारी श्रृंगार किया गया।नववर्ष की इस शुभ बेला में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान हनुमान एवं भोलेनाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिभाव एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

### एनएमएफ के जिलाध्यक्ष बने जेएस परमार

**गुना।** नेशनल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र जैन के मुख्य आतिथ्य में,प्रदेश अध्यक्ष महावीर तोमर की अध्यक्षता, कमल कॉक के विशेष उपस्थिति में संभाग स्तरीय बैठक प्रेस क्लब कैंट गुना में आयोजित हुई। जिसमें संगठन की सदस्यता, नवीनीकरण,पर चर्चा हुई। अध्यक्ष जैन ने गुना जिले को विशेष महत्व देते हुए जगवीर सिंह परमार वरिष्ठ ब अधिमान पत्रकार आरोन को जिलाध्यक्ष की घोषणा की,उपस्थित सभी ने परमार का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया ।प्रदेश अध्यक्ष महावीर तोमर ने बताया कि 29/30 जनवरी को संगठन का विशेष कार्यक्रम ब पत्रकार सम्मान समारोह पिंकसिटी जयपुर में है अतः सभी सादर आमंत्रित हैं,अपना रिजर्वेशन ब पंजीयन शीघ्र करवाले ।अंत में कमल कॉक ने आभार व्यक्त किया।



## युवा कांग्रेस ने शहर के गांधी चौक पर विजयवर्गीय का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



इन्दौर में दूषित पानी से हुई 15 लोगों की मौत के बाद अशोकनगर में युवा कांग्रेस ने शहर के गांधी चैक पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया और घण्टा बजाकर विरोध जताया। यह विरोध प्रदर्शन जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रजनीश सिंघई के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कांग्रेस जलों ने पुतलों को जलाने का प्रयास किया मौजूदा पुलिस बल बुझाने आया, कांग्रेस कार्यकर्ता उसे दहन करते हुए देखते रहे। इस मौके पर पूर्व युवा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल रघुवंशी, पार्षद रीतेश जैन, सुधीर शर्मा, देवेन्द्र बैरागी आदि कांग्रेसीजन मौजूद थे।

### जिला प्रशासन द्वारा रिलायंस पेट्रोल पंप के पेट्रोल एवं डीजल के टैंक को 7 दिवस में खाली कराने के निर्देश

**अशोकनगर।** मैसर्स पुरूषोत्तमदास अग्रवाल रिलांयस इंडस्ट्रीज लिमिटेड नया बस स्टैंड के सामने बायपास रोड अशोकनगर के टैंक में मौजूद पेट्रोल एवं डीजल को रिक्त कराने हेतु सेल्स ऑफिसर रिलायंस जियो को पत्र प्रेषित किये गये। जिसके संबंध में सोम एमपी रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड द्वारा लेख किया कि आरओ में मौजूद एमएस/एचएसडी स्टॉक अत्याधिक ज्वलनशील/ खतरनाक उत्पाद है। दोनों टैंको में इसकी मात्रा 38 हजार लीटर (लगभग 2 हजार लीटर पेट्रोल एवं 36 हजार लीटर डीजल) है। पेट्रोल एवं डीजल की इतनी अधिक मात्रा को टैंक से निकालने के सुरक्षा जौखिमों को देखते हुए मौजूदा स्टॉक को नोजल के माध्यम से निकालने एवं विक्रय करने की अनुमति चाही गई। उक्त के क्रम में रिलायंस पेट्रोल पंप के पेट्रोल एवं डीजल के टैंक को 07 दिवस में खाली कराने के लिए सेल्स ऑफिसर रिलायंस/जियो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को जिला प्रशासन द्वारा पत्र जारी किया गया एवं इस अवधि में उन्हें किसी भी प्रकार का नया भण्डारण नहीं करने हेतु आदेशित किया गया है। प्रतिदिन किये गये डीजल एवं पेट्रोल के विक्रय एवं शेष मात्रा की जानकारी प्रस्तुत करने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी अशोकनगर को निर्देशित किया गया है। मैसर्स पुरूषोत्तमदास अग्रवाल रिलांयस इंडस्ट्रीज लिमिटेड नया बस स्टैंड के सामने बायपास रोड अशोकनगर के टैंक को शीघ्र अतिशीघ्र खाली किये जाने हेतु नागरिकों/उपभोक्ताओं/ग्राहकों से अपील की गई है कि वह अपनी आवश्यकतानुसार पेट्रोल/डीजल क्रय कर सकते है।

## चंदेरी विधायक ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को सौंपे नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले की ईसागढ़ जनपद पंचायत के सभा कक्ष में नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने नवनियुक्त कार्यकर्ता व सहायिकाओं को नियुक्ति आदेश सौंपते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा अपने पद के दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया।

इसमें जनपद पंचायत ईसागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पी. प्रजापति एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रजनी बालू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपने जॉब चार्ट के अनुसार कर्तव्यों का निर्वाहन कर। पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा। आंगनवाड़ी केंद्रों का सुचारू एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पोषण ट्रैकर एप एवं संपर्क एप के माध्यम से ऑनलाइन कार्यों को प्रतिदिन समय पर पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी को समय पर आंगनवाड़ी केंद्र संचालन की सलाह दी।

## ग्राम पंचायत बांकलपुर में सरपंच पद पर मतगणना से सरपंच बने कल्लू



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया था। जारी कार्यक्रम अनुसार जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत बांकलपुर में सरपंच पद के रिक्त पद हेतु 29 दिसम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान उपरांत शुक्रवार 02 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत चंदेरी में मतगणना संपन्न कराई गई।

### मतगणना के परिणाम

मतगणना के दौरान कल्लू आदिवासी को कुल 479 मत प्राप्त हुए। भगुन सिंह आदिवासी को 475 मत प्राप्त हुए। गुलाब आदिवासी को 19 मत प्राप्त हुए। नोटा को 13 मत प्राप्त हुए। कल्लू आदिवासी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भगुन सिंह आदिवासी को 4 मतों से पराजित कर सरपंच पद पर विजय प्राप्त की।



### विद्यांशी बालिका मंडल मुंगावली का निर्वाचन संपन्न

**मुंगावली।** जैन समाज की अग्रणी संस्था हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहने वाली विद्यांशी बालिका मण्डल का निर्वाचन निर्विरोध शक्रवार को सम्पन्न हुआ। मंडल की सदस्याओं की एक बैठक ऋषिता सराफ के निवास पर सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से ऋषिता सराफ को अध्यक्ष, महिमा सराफ उपाध्यक्ष, अन्या जैन मंत्री, अनुष्का जैन सहमंत्री, अंशिका टडैया को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में धार्मिक आधार पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसके पुरस्कार ऋषिता सराफ की तरफ से वितरित किए गए। निर्वाचित पदाधिकारीओ को मंडल की सदस्याओं ने बधाई दी है।

## हाजरी व्यवस्था पर सफाई कर्मियों ने नपाध्यक्ष को दिया ज्ञापन, अब 4 की जगह 2 बार हाजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के कार्यालय पर नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पहुंचे, जहां उन्होंने अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख मांग सफाई कर्मचारियों की हाजरी व्यवस्था को लेकर थी। कर्मचारियों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें चार बार हाजरी लगानी पड़ती है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों की मांग पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने त्वरित निर्णय लेते हुए 4 बार की हाजरी व्यवस्था समाप्त कर केवल दो बार हाजरी लगाने की स्वीकृति प्रदान की।

अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अब नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों को दिन में सिर्फ दो बार ही हाजरी लगानी होगी। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने एक दर्दनाक घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व एक सफाई कर्मचारी अपने परिवार के साथ जा रहा था, तभी सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी पत्नी की भी मृत्यु हो गई, जबकि उनकी मासूम बच्ची का इलाज अभी जारी है। कर्मचारियों ने कहा कि कहीं न कहीं इस हादसे के पीछे बार-बार हाजरी लगाने की मजबूरी भी एक कारण रही है।

इस पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कहा कि हाजरी की व्यवस्था अब दो बार ही रहेगी।बही नपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर किसी सफाई कर्मी की मृत्यु हो जाती है तो आधे दिन का अवकाश भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मृतक परिवार के दोनों सदस्यों के परिजनों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। इसके अलावा घायल बच्ची के इलाज की पूरी जिम्मेदारी भी हमारे द्वारा उठाई जाएगी। अध्यक्ष के इस निर्णय से सफाई कर्मचारियों में संतोष देखा गया और उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने शंकरपुर मगरदा में आदिवासी परिवारों को कंबलों का किया गया वितरण



**अशोकनगर।** शीत ऋतु के मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम शंकरपुर मगरदा में आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचकर गर्म कम्बलों का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने आदिवासी परिवारों से संवाद स्थापित कर शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं अंतर्गत मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदिवासी परिवारों को शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जनप्रतिनिधि प्रतापभान सिंह यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव साथ रहे।

## खबर संक्षेप

### पेटी में रखे 30 हजार रुपए चुराए, केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ निवासी राजा गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संदेही राधेश्याम केवट उम्र 21 साल उसके घर में रखी हुई पेटी के अन्दर से नगदी 30 हजार रूपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

### मकान के स्टोर रूम से अज्ञात चोर ले गए माल

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत चन्देरी निवासी संदीप जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके निर्माणाधीन मकान गली नम्बर 2 से कोई अज्ञात आरोपी मकान के स्टोर रूम से लाइट व फिटिंग सामग्री चोरी कर ले गया।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अतंर्गत शाढौरा निवासी रीना पत्नी भरत अहिरवार उम्र 32 साल निवास स्टेशन रोड शाढौरा ने अपने ही घर में लकडी की बल्ली में लगे पंखे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है

### भोपाल में इलाज के दौरान महिला मृत

**अशोकनगर।** स्थानीय वायपास रोड युगलसरकार मंदिर के सामने पिछले दिनों एक कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी । इस घटना में बाईक चला रहे मौतीलाल बाल्मीक की मौत हो गई थी। जबकि उसकी पत्नी विद्यावाई और उसकी 5 वर्ष की पुत्री बुलबुल को घायल अवस्था में उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया था। जहां पत्नी विद्यावाई ने भी दम तोड दिया। यह घटना उस समय हुई थी जब मौतीलाल बाल्मीक शहर से सामान लेकर यादव कॉलोनी स्थित अपने घर जा रहे थे तभी कार ने उन्हे टक्कर मार दी थी। इसमें पति पत्नी दोनों की मौत हो चुकी है।

### फांसी पर लटका मिला अधेड़, जांच की गई शुरू

**पिपरई** पिपरई थाना क्षेत्र अंतर्गत देरसा गांव में एक 50 वर्षीय अधेड़



ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जशरथ अहिरवार के रूप में हुई है। यह घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। बताया गया कि रात को परिवार के सदस्य भोजन करने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान जब जशरथ के कमरे का दरवाजा खोला गया तो वह अंदर से बंद मिला। खिड़की के ऊपर लगे जंगले से देखने पर जशरथ को तोलिए के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। परिजनों ने तत्काल तोलिया काटकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## परिजनों ने 6 घंटे जाम लगाया, हत्या का मामला दर्ज, 3 आरोपी गिरफ्तार

# प्लॉट विवाद में घसीट-घसीटकर वृद्ध की मारपीट कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई







जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर पिपरई मुख्यालय पर एक प्लॉट के विवाद को लेकर 60 वर्षीय वृद्ध की घसीट घसीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में परिजनों ने आरोपियों पर मामला दर्ज किए जाने की मांग को लेकर पिपरई के चिकमंगलूर चैराहे पर जाम लगाया, 6 घण्टे तक जाम लगा रहा। फरियादियों को हत्या का मामला दर्ज कराने के लिए 6 घंटे का इंतजार करना पड़ा। पुलिस ने इस घटना में हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कस्बे के चिकमगलूर चौराह के पास प्लॉट विवाद को लेकर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार रात्रि की है कि चिकमंगलरू चैराहा निवासी कल्लू अहिरवार को कुछ लोगों ने रात के समय पीटा और घसीटा, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मौत उसके घर में हो गई। मारपीट और घसीटने से कल्लू अहिरवार का चेहरा सूज गया था। उन्हें घसीटते हुए के समय का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बुजुर्ग के गुप्तांग में भी चोट लगी थी। कल्लू अहिरवार को रात में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने रामलीला मैदान के पास शव को सुबह आठ बजे से ले कर दोपहर दो बजे तक रखकर चक्काजाम कर दिया। उन्होंने आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की।

यह हंगामा काफी देर तक चलता रहा। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ओपी मिश्रा, मुंगावली थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह, सहराई थाना प्रभारी धर्मेश दांगी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। कुछ देर बाद मुंगावली एसडीएम इसरार खान नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से बात की।

**चक्का जाम के बाद पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर की कार्यवाही** परिजनों के चक्काजाम के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें कुछ लोग कल्लू अहिरवार के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दिए। इसके आधार पर पुलिस ने जगदीश कोरी, प्रेमनारायण कोरी, सर्जन कटारिया सहित कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लगभग 6 घंटे तक चले इस चक्काजाम के दौरान छोटे वाहन गलियों से निकलते रहे। जाम हटने के बाद आवागमन सामान्य हो सका। घटना के संबंध में बताया गया है कि जगदीश कोरी और कल्लू अहिरवार के बीच पहले भी विवाद हुआ था। रात के समय जगदीश, प्रेमनारायण और सर्जन कटारिया तीनों कल्लू अहिरवार के प्लॉट पर लकड़ियां डाल रहे थे, तभी यह विवाद हुआ। कल्लू अहिरवार अकेला रहता था। तीनों ने मिलकर बुरी तरह से पीटा था।

**जाम लगाने के दौरान आरोपियों के यहां बुल्डोजर कार्यवाही की मांग की गई** पुलिस ने बताया कि रात के समय विवाद के बाद दोनों पक्षों में बातचीत के बाद सहमति बन गई थी, जिस वजह से किसी पर कार्यवाही नहीं हुई थी ओर प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार कराकर घर भेज दिया। परिवार बालों की मांग पर गैर इरादान हत्या का नाम हत्या का मुकदमा दर्ज करने, मुजरिम के घर पर बुलडोजर चलाए जाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्टाफ ने मृतक को गंभीर चोट होने के बाद जिला चिकित्सालय रेफर क्यू नहीं किया। सहित अन्य मांगों पर परिवारजन अड़े रहे।

**तीन हिरासत में...**

पिपरई में प्लॉट के विवाद को लेकर मारपीट की घटना में एक की मौत हो गई थी, पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी लेकिन वीडियो फुटेज सामने आने के बाद यह कार्यवाही की गई है। तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

**राजीव कुमार मिश्रा**, एसपी अशोकनगर

## पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग को 16 घंटे में दस्तयाब कर परिजन को सौंप दिया

**अशोकनगर।** सेहराई पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को 16 घण्टे में दस्तयाब किया है। उल्लेखनीय है कि 31 दिसम्बर को फरियादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के घर से बिना बताये कही चले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। जिस पर अप. क्र. 247/25 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल टीम गठित की गई थी। थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दांगी को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दांगी द्वारा नाबालिग बालिका की त्वरित दस्तयावी हेतु तकनीकी संसाधनों एवं मुखविर तंत्र का सक्रिय किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मात्र 16 घण्टे में नाबालिग बालिका को रातीखेडा रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई निवासी द्वारका केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू पाल, राजू पाल और रामबाबू पाल ने शराब पीकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथाई निवासी बद्री अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्द्रजीत और विनोद अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोगी मोहल्ला ईसागढ निवासी राधा प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन प्रजापति, कुश पाण्डे और उसके दो दोस्तों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ठेका निवासी खलकसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिगरी शाजापुर निवासी दिनेश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छापर निवासी दीपेश सैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजीव चिडार और निक्की चिडार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कर्रा डोंगरा निवासी ज्योतिराव आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुलायम, कल्ला, तिलक, वीरभान आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## कलेक्टर ने बैठक में अनेक विभागों के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एपीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्य पशुपालन एवं डेयरी पालन विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की पूर्ति और विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उर्वरक खाद वितरण व्यवस्था का संचालन सुचारू रूप से हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने विक्रय केन्द्रों के माध्यम से खाद वितरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बीज वितरण के लक्ष्य, उपलब्धता, भण्डारन एवं वितरण की क्लस्टरवार समीक्षा की गई। साथ ही रबी बुवाई के लक्ष्य पूर्ति के संबंध में समीक्षा की गई। उन्होंने पीएम किसान,फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। कृषि विभाग की सिंचाई योजनान्तर्गत ड्रिप स्प्रिंकलर की प्रगति, प्रेशराईज्ड पाईप प्रणाली, सूक्ष्म सिंचाई के लक्ष्य पूर्ति तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिक से अधिक नवीन मिट्टी परीक्षण कराये जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर माह फरवरी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला हेतु सभी आवश्यक तैयारियां तथा हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में नेचुरल फॉर्मिंग,जैविक हाट बाजार के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण के तहत सब्जी उत्पादन कृषक प्रशिक्षण,उद्यानिकी फसलों का रकबा बढाने एवं उद्यानिकी हाई वैल्यू क्रॉप,संरक्षित खेती के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कृषि उपज मंडी के तहत कृषि उपज विक्रय की प्रगति,एमपी फॉर्म गेट एप पर संपादित संव्यवहार,ई-अनुज्ञा प्रणाली तथा ई-मंडी योजना की समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की प्रगति,नस्ल सुधार लक्ष्य एवं उपलब्धि,पशु टीकाकरण,राष्ट्रीय पशुधन मिशन, पशु क्रेडिट कार्ड,राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। मस्त्य विभाग के तहत मत्स्य संपदा प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की। सहकारिता के अंतर्गत पैक्स पुनर्गठन की प्रगति, डीबीटी के माध्यम से जिले के कृषकों को लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा जिले में मध्यप्रदेश सिविल सप्लाईजर्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्यान्न आवंटन,उठाव एवं वितरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## मुनि संघ का बहादुरपुर की ओर हुआ मंगल विहार श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मुनि संघ को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



नगर में विराजमान आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री मेघ दत्त सागर महाराज मुनि श्री बृषभ दत्त सागर जी महाराज का आहार चर्या के बाद मंगल विहार बहादुरपुर की ओर हुआ, जहां जैन श्रद्धालुओं ने संत निवास पहुंचकर मुनि संघ का मंगल विहार कराया साथ ही मुनि संघ का जगह जगह पाद प्रक्षालन किया गया एवं नम आंखों से मुनि संघ का विहार कराया।

समाज के कई श्रद्धालु मुनि संघ को बहादुरपुर तक विहार कराया गया जिसमें जैन समाज के अध्यक्ष रूपेश जैन, चंद्रेश मोदी,काली मोदी,अंकित जैन,मनीष जैन, सुनील मोदी,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए इसके अलावा रात्रि में नए वर्ष के अवसर पर भजन संध्या ओर भक्तांबर जी पाठ का आयोजन किया गया।

मुनि श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य सुंदर बनना चाहता है,किन्तु मनुष्य नहीं बनना चाहता है और सुखी भी बनना चाहता है, संपन्न भी बनना चाहता है तो शिक्षित भी बनना चाहता है समझदार बनना चाहता है सोना चाहिए पर मनुष्य को आज सज्जनता नहीं चाहिए। आज का मनुष्य इसलिए तो सब पाना चाहता है सर्विस पाना चाहता है सम्मान पाना चाहता है शांति आदि सब कुछ पाना चाहता है किंतु सज्जन नहीं बनना चाहता। कितने जीवन लगा दिए खाई में धन पायो प्रदर्शन करने में कितने जीवन लगा दिए इसलिए जीवन ने सबको अपने के लिए कितने भव लगा दिए धन कमाते कमाते अंत में एक दिन क्या हो जाता है निधन हो जाता है धन, धन, धन और अंत में निधन तो धन कमाने में स्वास्थ्य बिगड़ता है और सारी कमाई कहां चली जाती है दवाइयां में चली जाती है क्योंकि आप लोग क्या खा रहे हो जहर खा रहे हो रासायनिक कीटनाशक का इंजेक्शन का दूध पी रहा हो जी आप जहर खा रहे हो और फिर उनसे बचने के लिए केमिकल की दवाइयां खा रहे हो अब बताओ आप स्वस्थ कहां से सही रहे।

### राजपुर में हिंदू सम्मेलन को लेकर वितरित किए जा रहे हैं भारत माता के चित्र



**राजपुर।** राजपुर में होने जा रहें हिन्दू सम्मेलन के लिए हर रोज चार पांच गांवों में जाकर भारत माता के चित्र वाटे जा रहें हैं। इस तरह कल दिनांक 3 जनवरी कों राजपुर में श्रीं कृष्ण विद्यालय में आयोजन रखा गया है।

राजपुर हाट बाजार हनुमान चोराह रामलीला मैदान से सुवह 10 वजे कलश यात्रा निकाली जायेगी जो गांव के मुख्य सड़क मार्ग से होती हुई रेफरी सड़क मार्ग से होती हुई। श्रीं कृष्ण विद्यालय पहुंचेगी। जहां पर आस पास गांव के 40 गांवों के लोग समलित होंगे जिसमें सभी हिन्दू समाज के लोग पहुंचेंगे जिनमें रेफरी करमसी वमोरा सेमरा डोगरा वासखेडी पडुली तिघरी फतेपुर महूं आलमपुर, विजलाई, आमखेड़ा सूखा, हमीदपुर, छीपोन, रातीखेडा, रामपहाडी आदि गांवों के ग्रामीण अपने अपने गांवों से ट्रेक्टर ट्राली मोटरसाइकिल से आने का अनुमान है।

### उप राष्ट्रपति ने अशोकनगर की सत्यभामा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की



**अशोकनगर।** अशोकनगर के उपयंत्री हरिओम राजौरिया और सीमा राजौरिया की बेटी सत्यभामा को पांडिचेरी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में हिन्दी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इस समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन थे। सत्यभामा के शोध का विषय था पारसी रंगमंच के विकास में राधेश्याम कथावाचक का योगदान। सत्यभामा ने दिल्ली केंद्रीय विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज से बीए, केन्द्रीय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से एमए तथा हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से एमफिल की उपाधि प्राप्त की है।

## केवट की भक्ति और भरत के त्याग ने भक्तों को किया भावुक, चरित्र का प्रसंग सुनाया





**शाढ़ौरा।** कस्बे में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठवें दिन श्रद्धा का अनूठा सैलाब उमड़ा। कथा व्यास परम पूज्य अष्टावक्र महाराज ने भगवान राम के वन गमन के पश्चात केवट प्रसंग और भरत चरित्र का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। महाराज श्री के मुखारविंद से भजनों और व्याख्यान ने श्रोताओं की आंखों को नम कर दिया।


**केवट की जिद और प्रभु का वात्सल्य** कथा के प्रथम चरण में महाराज ने केवट प्रसंग सुनाते हुए कहा कि केवट केवल एक नाविक नहीं, बल्कि प्रेम और समर्पण की पराकाष्ठा का प्रतीक है। जब प्रभु ने गंगा पार करने के लिए नाव मांगी, तो केवट ने चातुर्य और भक्ति दिखाते हुए कहा कि पद पखारि जलु पान करि, आपु नाव चढ़ाइ हौं। महाराज ने समझाया कि केवट ने प्रभु के चरण धोकर न केवल अपना और अपने पितरों का उद्धार किया, बल्कि संसार को यह संदेश दिया कि ईश्वर को केवल अहंकार रहित प्रेम से ही वश में कर सकता है।

**भरत चरित्र त्याग और भ्रातृ प्रेम की पराकाष्ठा** कथा के द्वितीय सोपान में भरत मिलाप और भरत जी के चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भरत का चरित्र त्याग की वह ऊँचाई है, जहाँ राजपाट का मोह तिनके के समान प्रतीत होता है। जब भरत जी अयोध्या का साम्राज्य ठुकराकर चित्रकूट प्रभु राम को मनाने पहुँचे, तो वह दृश्य भाई-भाई के प्रेम की अमर गाथा बन गया। महाराज ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आज के भौतिकवादी युग में जहाँ संपत्ति के लिए विवाद होते हैं, वहीं भरत जी का चरित्र हमें निस्वार्थ प्रेम और मर्यादा का मार्ग दिखाता है।

### भक्तावर पाठ के साथ हुई मध्य रात्रि में महाआरती संपन्न

# नव वर्ष में 1008 दीपों से जगमगाया आदिनाथधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





नव वर्ष के आगमन आदिनाथ धाम सुभाष गंज मैदान में 1008 दीपों से जगमगाया आदिनाथ धाम में भगवान की महा आरती के साथ श्री भक्तामर महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान की महा आराधना करते हुए अपने आने वाले कल के लिए व जगत की सुख शांति समृद्धि के लिए नव वर्ष पर भगवान की 1008 दीपों से महा आरती की।

### अशोकनगर व थूवोनजी कमेटी ने गोला कोट पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया

अशोकनगर जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया गया कि वहीं प्रातः काल की वेला में भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का महा मस्तिष्काभिषेक के साथ जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई। इसके साथ ही अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का महा मस्तिष्काभिषेक एवं जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई। इसके साथ ही जिले की सीमा पर स्थित अतिशय क्षेत्र तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट में विराजमान परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने अंचल से हजारों भक्तों का समूह पहुंचे। इस दौरान अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल, महामंत्री मनोज भैसरवास, शालू भारत, नीरज बड़कुल, सौरव बाझल, सुनील मामा, विवेक अमरोद, नीरज इंटिरियर रीक्कू मिर्ची मनीष महू, राहुल सिघई सहित अन्य सैकड़ों भक्तों ने मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया

### जब भी मेरे दु:ख के दिन आयें तो प्रभु तेरे चरण मेरे पास होने चाहिये

उन्होंने कहा कि आप लोगों ने आज के दिन को नया वर्ष मान लिया तो आज एक आशीर्वाद देते हैं आप को कभी मांगना न पड़े भेंट को कोई इन्कार नहीं कर सकता। भेंट इतनी मिल जाए कि आप की हर ख़ुशी पूरी हो जाए। हर व्यक्ति की ख्वाहिश रहती है कि वह जीवन में आगे बढ़े और अपने जीवन का विकास करता रहें करना भी चाहिए इसमें कुछ भी ग़लत नहीं है इसके लिए सही दिशा में काम होना चाहिए। जब जब भी मेरे दु:ख के दिन आयें तो प्रभु तेरे चरण मेरे पास होने चाहिये बस इतना ही करना मुझे तेरे चरण मिलते रहे।

### सिद्ध किसे कहें जो हमारे आत्मा की शक्ति को जागृत करें

इस दौरान धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा कि परम पवित्र सकल मंगल रुप चेतन्य मई आत्मा का लक्ष्य अपने स्वरूप की प्राप्ति हो। सारी सृष्टि हमारे लिए है सिद्ध किसे कहें जो हमारे आत्मा की शक्ति को जागृत करें हमारे अंदर स्वतः अतिशयो को प्रकट करें। बिना निमित्त के स्वतं ही अतिशय को प्रकट करें अनाधिकाल से हम निमित्त की ऐसी कठपुतली बन गए कि हमारे लिए बिना निमित्त के कुछ हो ही नहीं रहा। बहुत सारे लोग अच्छा करते हैं अच्छा बौलते है अच्छा सोचते हो तो अच्छा क्यों नहीं हो रहा।

